# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

19/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Hindustan (Delhi)**

# पैलेट गन की प्रदर्शनी में नौजवानों की भीड़ उमड़ी



व्यापार मेले में सीआरपीएफ के मंडप में पैलेट गन की जानकारी देता जवान। • हिन्दुस्तान

**नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता**

व्यापार मेले में देश-विदेश से आए उत्पादों के साथ ही कश्मीर में पत्थरबाजों से निपटने के लिए प्रयोग की गई पैलेट गन और इसके नए विकल्प को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।

व्यापार मेले के हॉल नंबर 12 ए के बाहर लगाया गया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ का मंडप वीर जवानों की शौर्यगाथा कह रहा है। इसमें रैपिड एक्शन फोर्स की तरफ से पत्थरबाजों और कोबार कमांडो की तरफ से नक्सलियों से निटपने वाले उपकरण लगाए गए हैं जो लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। सीआरपीएफ के विंग रैपिड एक्शन फोर्स की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी में पैलेट गन को विशेष तौर पर प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी को दिखा रहे जवान के अनुसार इस गन की क्षमता एक बार में मेटल कॉटिज धारण करने की है। यह एक कॉटिज फायर करने पर 600 तक सरसों के दाने के बराबर मेटल छोड़ने में सक्षम है। जवान के अनुसार, पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई और यह अब इतिहास बन गई है।

**पैलेट गन का विकल्प भी प्रदर्शित किया :** प्रदर्शनी में पैलेट गन के विकल्प के तौर पर अनुमोदित लैस लेथल लॉचिंग एफएन भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी दिखा रहे जवान के अनुसार इसमें एक बार में 15 गोलियां आती है, जो फायर करने पर केमिकल लगे कांच के टुकडे छोड़ने में सक्षम है, जिसके शरीर में लगने पर दर्द का एहसास होता है। इसके साथ ही एंटी रॉयट गन के तौर पर मल्टी ऑल लांचर भी लगाया गया है जो भीड़ नियंत्रण के लिए धुंआ और आवाज करता है।

Daily News (Jaipur,RAJ.)

तनाव • झंडी लगाने पर विवाद, छतों से पत्थर बरामद

# रामगंज में दो गुटों में जमकर पथराव, 7 लोग घायल, नौ पुलिस हिरासत में

हीदा की मोरी रामगंज में उपद्रवियों को रोकने के लिए रबर की गोलियां चलाती पुलिस



खिड़कियों से दिखता खौफ



दोनों गुटों को समझाते पुलिस अफसर



बचने की कोशिश में महिला



### पुलिस ने घरों से पत्थर जब्त किए

विवाद के दौरान दोनों गुटों में जमकर पथराव हुआ। जब मामला शांत हुआ तो सिपाहियों इलाके के घरों में सर्च आपरेशन चलाया। कई घरों से पत्थर और अन्य सामान भी जब्त किया। पुलिस अफसरों का कहना है कि इलाके में हमारी पूरी नजर है। असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

जयपुर | रामगंज में हीदा की मोरी, शीतला माता का खुर्रा में रविवार दोपहर को धार्मिक झंडियां लगाने के दौरान कहासुनी में दो गुटों में जमकर पथराव हो गया। पथराव में एक महिला सहित तीन लोग व चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें से एक युवक को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पथराव के दौरान भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने रबर बुलेट चलाए। पुलिस द्वारा रबर बुलेट चलाते ही रामगंज में तनाव की खबर फैल गई और कर्फ्यू की अफवाह फैल गई। इस दौरान घाटगेट स्थित सब्जी बाजार में भी अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के करीब एक घंटे बाद पुलिस ने घरों में जाकर पहचान कर पिता पुत्र सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया है। अफवाह फैलते ही रामगंज में आसपास का बाजार बंद हो गया।

मामले में दोनों गुटों की ओर से एक दूसरे पर आरोप लगाकर रिपोर्ट दी है। पथराव में कई घरों की खिड़कियां, दो गाड़ियों के शीशे और ई रिक्शा टूट गए। पथराव के बाद हीदा की मोरी में रहने वाले लोग घरों में कैद हो गए। एहतियात के तौर पर मौके पर आरएएफ व तीन आरएसी कंपनियों को तैनात कर दिया गया। जो आसपास के इलाके में हर एक घंटे में फ्लैग मार्च कर रही है। घटना के अनुसार दो दिन पहले कुछ लोग धार्मिक झंडियां लगा रहे थे। तब दूसरे गुट के लोगों ने उनके मकानों पर झंडे लगाने से मना कर दिया। तब कुछ देर के लिए विवाद हो गया था। पुलिस ने समझाइशकर शांत कर दिया। दो दिन से दोनों गुटों में तनातनी चल रही थी। रविवार दोपहर को बाइक से हाथ टच हो जाने को लेकर फिर विवाद हो गया। लोग आपस में उलझ ही रहे थे की मस्जिद के पास से पथराव शुरू हो गया। लोग घरों में घुस गए। करीब पांच मिनट तक पथराव होता रहा। बाद में आदर्श नगर से प्रत्याशी अशोक परनामी व रफीक खान व किशनपोल प्रत्याशी मोहन लाल भी दोनों पक्षों से मिले।

**Daily News (Jaipur,RAJ.)**

हीदा की मोरी में पथराव का मामला : कर्फ्यू और फायरिंग की अफवाह से उड़ा लोगों का चैन

# पथराव के बाद पुलिस ने संभाला मोर्चा, क्षेत्र में ड्रोन से कर रही निगरानी

## सर्च अभियान में छतों पर मिला ईंट-पत्थरों का जमावड़ा

डेली न्यूज. जयपुर > 18 नवंबर

हीदा की मोरी स्थित जीणमाता के खुर्रे के पास रविवार को हुए पथराव में एक बार फिर पुलिस की लापरवाही उजागर हो गई। दो दिन पहले धार्मिक झंडा लगाने की बात को लेकर हुआ विवाद रविवार को पथराव में बदल गया। पुलिस को बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता बुलवाना पड़ा। पुलिस ने जब इलाके में सर्च अभियान चलाया तो छत पर बड़ी संख्या में ईंट-पत्थर मिले, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। साथ ही, पुलिस ड्रोन की मदद से भी इलाके पर नजर रखे हुए है।



### खिड़कियों के शीशे और गाड़ियां तोड़ी

पथराव करने वाले लोगों ने आस-पास के घरों के कांच तोड़ दिए। इसके साथ बाहर खड़ी कार के शीशे फोड़ दिए और एक ई-रिक्शा को भी तोड़ दिया। ई-रिक्शा चलाने वाले हाफिज ने बताया कि इस एक ई-रिक्शा से हमारे बच्चों का पेट भरता है। छोटी-सी बात को लेकर हुए झगड़े में हमारा चैन छीन लिया।



### कर्फ्यू और फायरिंग की अफवाह

रामगंज में पथराव के बाद सोशल मीडिया में गोली चलने और कर्फ्यू लगने की चर्चा शुरू हो गई। पुलिस कमिश्नर संजय अग्रवाल ने बताया कि दोनों पक्षों से बात की जा रही है और किसी तरह का कर्फ्यू नहीं लगाया गया और ना ही पुलिस ने गोली चलाई है। साथ ही, उन्होंने इंटरनेट बंद नहीं करने की बात कहते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।







1. हीदा की मोरी स्थित जीणमाता के खुर्रे के पास रविवार को हुए विवाद के बाद क्षेत्र में बिखरे पत्थर 2. एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस 3. क्षेत्र में छतों से एकत्रित किए गए पत्थर ले जाते पुलिसकर्मी 4. झगड़े में घायल महिला और 5. विवाद के दौरान कार के शीशे तोड़ दिए गए।

### ड्रोन से रखी जा रही नजर

पुलिस ने जब इलाके में सर्च अभियान छेड़ा तो कई घरों की छत पर ईंट-पत्थरों का जमावड़ा मिला। पुलिस इसे वहां से बाल्टियों में भरकर ले गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ड्रोन की मदद से आस-पास के घरों की छतों का जायजा ले रही है। ताकि यह पता चल सके कि किन किन जगहों पर लोगों ने ईंट-पत्थर इकट्ठा कर रखे हैं। इसके साथ ही ड्रोन के जरिए संदिग्धों पर भी नजर रखी जा रही है।

### फ्लैग मार्च निकाला

कर्फ्यू और गोली चलने की अफवाह फैलने के बाद क्षेत्र में लाउडस्पीकर से लोगों को इस तरह की अफवाह से दूर रहने के लिए कहा गया। पुलिस कई जगह समझाइश करती हुई भी दिखाई दी। पुलिस ने क्षेत्र में शांति के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला।

### भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी भी पहुंचे

पथराव की सूचना मिलते ही जीणमाता का खुर्रा में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों का पहुंचना शुरू हो गया। जहां भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी और किशनपोल क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल गुप्ता और कांग्रेस के संजय सहित कई नेता वहां पहुंच गए और पुलिस से पूरी जानकारी जुटाई। स्थानीय लोगों का कहना था कि पथराव के बाद राजनेता तुरन्त मौके पर पहुंच गए, जबकि उनकी समस्याओं को सुनने पांच साल में कोई नहीं आया।

### गुरुद्वारे से पहुंची चाय और कोफ्ता

हीदा की मोरी स्थित गुरुद्वारे के सेवादारों ने कॉलोनी में पहुंचकर व अन्य लोगों की सेवा की। वे खाने के लिए नाश्ता व चाय, पानी लेकर लोगों को बांटते हुए नजर आए।

Daily News (Jaipur,RAJ.)

# रामगंज में दो गुटों में पथराव, 6 घायल, पुलिस को चलानी पड़ी रबर की गोलियां




**जयपुर |** रामगंज में हीदा की मोरी, जीण माता का खुर्रा में रविवार दोपहर धार्मिक झंडियां लगाने के दौरान कहासुनी के बाद दो गुटों में जमकर पथराव हुआ। इस दौरान कई घरों की खिड़कियां और तीन वाहनों के शीशे फूट गए। दो पुलिसकर्मियों सहित 6 लोग घायल भी हुए। भीड़ खदेड़ने के लिए पुलिस को रबर की गोलियां चलानी पड़ीं। रामगंज में तनाव व कर्फ्यू की अफवाह फैल गई। पुलिस को तलाशी के दौरान कई घरों में पत्थरों के ढेर मिले। पुलिस ने पिता-पुत्र सहित नौ लोगों को हिरासत में लिया है। -विस्तृत पेज 5

## अफवाह से फैली दहशत, बाजार में भगदड़

पथराव के बाद कुछ ही देर में अफवाह फैल गई की चुनावी झंडा लगाने की बात को लेकर रामगंज में झगड़ा हो गया है और तनाव की स्थिति है, जिसके चलते लोग एक दूसरे को फोन कर जानकारी लेते रहे। घाटगेट बाजार में एक बारगी भगदड़ की स्थिति बन गई। घाटगेट बाजार में लग रहे संडे मार्केट में लोग अपना सामान वहीं छोड़कर भागने लगे। तब मौके पर खड़े पुलिसकर्मियों ने रोकने की कोशिश भी की। करीब दस मिनट बाद संडे मार्केट की स्थिति सामान्य हो पाई। बाद में घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस कमिश्नर संजय अग्रवाल ने लोगों से कहा कि अफवाहों से सावधान रहें।

## 4 जवानों को चोटें, पीसीआर का शीशा टूटा

पथराव में हैड कांस्टेबल गिरधारी लाल, कांस्टेबल संजय सिंह, एएसआई हरिओम तथा कांस्टेबल मोहम्मद इस्लाम के चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पीसीआर का पथराव में शीशा टूट गया। मामले को लेकर के एक पक्ष से अमित कुमार तथा दूसरी तरफ से मर्सरत की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही राजकार्य में बाधा, पुलिस पर पथराव, सरकारी गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला पुलिस की ओर से दर्ज किया गया है। मामले में सुशील शर्मा उर्फ बंटी, नीरज पटवा, सुमित जायसवाल, वसीम, शमसाद, इस्लामुद्दीन, सोनू, सद्दाम को गिरफ्तार किया गया है।

**Daily News (Jaipur,RAJ.)**

# रामगंज इलाके में धार्मिक झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों में पथराव...तनाव



## आधा दर्जन घायल

## 15 से अधिक लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

## क्षेत्र में तनाव बरकरार, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

## लाउडस्पीकर से की जा रही समझाइश

डेली न्यूज, जयपुर। रामगंज थाना इलाके में तीन दिन पहले धार्मिक झंडा लगाने की बात को लेकर हुई कहासुनी रविवार को झगड़े में बदल गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों की तरफ से पथराव शुरू हो गया और देखते ही देखते क्षेत्र में तनाव हो गया। पथराव में आधा दर्जन से अधिक लोगों की चोटें आई हैं। पथराव से घर के बाहर रखी गाड़ियों के कांच टूट गए। झगड़े के बाद क्षेत्र में कर्फ्यू और गोली चलने की अफवाह फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला बिगड़ता देख जिले के सभी थानों से अतिरिक्त जाब्ता मंगवाने के साथ ही आरएसी, आरपीएफ, रेपीडेक्शन फोर्स को मौके पर बुला लिया। पुलिस ने इस मामले में 15 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला। पुलिस ड्रोन की सहायता से नजर रख रही है।

(पेज ▷ 3 भी देखें)

### दो दिन पहले...

रामगंज में [illegible] खुर्द के पास दो दिन पहले एक पक्ष के लोग बारावफात आने को लेकर गली में धार्मिक झंडा लगा रहे थे। इस पर दूसरे समुदाय के लोगों ने अपने घरों के बाहर झंडा लगाने से मना कर दिया। इसको लेकर विवाद बढ़ गया तो दूसरे पक्ष ने पुलिस को बुलवा लिया। मौके पर आई पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर चली गई।

### मामूली बात...फिर पथराव

स्थानीय निवासी रोहित का झंडा लगाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, समझाइश के बाद मामला शांत हो गया था। रविवार को एक समुदाय के शख्स की गाड़ी दूसरे समुदाय की चार साल की बच्ची से टच हो गई। गाड़ी चालक के माफी मांगने के बाद दोनों पक्षों के परिवार ने आपसी बातचीत कर मामला निपटा लिया। कुछ देर बाद ही कई युवक आए और गाड़ी चालक से उसके घर के बाहर मारपीट करने लगे। मां बाहर निकलकर बीच-बचाव करने आई तो युवकों ने उसके सिर पर भी पत्थर मार दिया। गाड़ी चालक का भाई समझाने आया तो उससे भी मारपीट कर पथराव किया। मारपीट व पथराव का पता चलते ही दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर पथराव कर दिया।

### पुलिस पहुंची तो दुबके उत्पाती

पुलिस बल के पहुंचने पर उत्पात मचाने वाले दुबक गए। मारपीट व पथराव में गाड़ी चालक, उसका भाई व मां भी घायल हो गए। भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, वहीं मां के सिर में चोट आई है। वहीं पथराव रोकने गए पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। पथराव में एएसआई हरीओम, हैड कांस्टेबल विनोद, गिरधारी संजय और कांस्टेबल मोहम्मद इस्लाम के चोट लगी है। देर रात तक पुलिस का सर्च अभियान जारी था।

# Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**